राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग
भारत सरकार
मिसिल संख्या रा.पि.व.आ./ 08/01/242-C/2019-केएसपी
एनपीसीसी के अधिकारीगण के साथ दिनांक 22.09.2021 को हुई सुनवाई का कार्यवृत

बैठक में उपस्थित अधिकारीगण :-

1. श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग
2. श्री राजेश कुमार, सलाहकार, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग
3. श्री विकास कुमार यादव, प्रबंधक एवं संपर्क अधिकारी (ओबीसी), एनपीसीसी
4. श्री अलूरी वेंकटेश, उप प्रबंधक, एनपीसीसी

सुनवाई का विस्तृत विवरण:-

1. माननीय आयोग द्वारा संपर्क अधिकारी से अथॉरिटी लेटर दिखाने के लिए कहा गया। इस संबंध में संपर्क अधिकारी एनपीसीसी द्वारा बताया गया कि माननीय आयोग के पत्र के अनुसार संपर्क अधिकारी को भी उपस्थित होना था और सीएमडी किसी मीटिंग के कारण उपस्थित नहीं हो सके हैं। माननीय आयोग द्वारा यह जवाब शपथ पत्र पर उपलब्ध कराने के लिए कहा गया।
2. माननीय आयोग द्वारा पूछा गया कि संपर्क अधिकारी किस रैंक के अधिकारी बनाए जाते हैं और आपको डीओपीटी के नियम के बारे में क्या-क्या जानकारी है। इस संबंध में संपर्क अधिकारी एनपीसीसी द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया।
3. माननीय आयोग द्वारा पूछा गया कि आपके यहां महाप्रबंधक कौन हैं। इस संबंध में उप प्रबंधक एनपीसीसी द्वारा बताया गया कि एनपीसीसी में महाप्रबंधक ने इस्तीफा दे दिया है वर्तमान में अतिरिक्त महाप्रबंधक (एचआर) हैं।
4. माननीय आयोग द्वारा पूछा गया कि एनपीसीसी में कुल कितना स्टाफ है। इस संबंध में उप महाप्रबंधक द्वारा बताया गया कि एनपीसीसी में कुल 195 अधिकारी एवं कर्मचारी हैं।

विकास 17/11/21 वेंकटेश 17/11/21

5. माननीय आयोग द्वारा एनपीसीसी के अधिकारियों को एक प्रश्नावली उपलब्ध करायी गयी और उसका उत्तर आयोग को 7 कार्यदिवस में उपलब्ध कराने के लिए कहा गया।

सुनवाई सम्पन्न।

वेंकटेश 17/11/21

(अलूरी वेंकटेश)
उप प्रबंधक, एनपीसीसी

विकास यादव 17/11/21

(विकास कुमार यादव)
प्रबंधक एवं संपर्क अधिकारी (ओबीसी),
एनपीसीसी

(श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल)
माननीय सदस्य,
राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग